भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 258
03 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम

258. डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:
डॉ. सुजय विखे पाटील:
प्रो. रीता बहुगुणा जोशीः
श्री कृष्णपालसिंह यादव:
श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पीएम राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत पंजीकृत लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) देश में स्थापित हेमोडायलिसिस केंद्रों की जिला-वार संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार का इस योजना के तहत नामांकित रोगियों की पहुंच बढ़ाने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर शुरू करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) 2016-17 में शुरू किया गया था। जिसके अंतर्गत देश के जिला अस्पतालों में गरीबी रेखा से नीचे के (बीपीएल) लाभार्थियों को नि:शुल्क डायलिसिस सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के माध्यम से कमियों के किए गए मूल्यांकन के आधार पर पीएमएनडीपी के तहत हीमोडायलिसिस और पेरीटोनिएल डायलिसिस सेवाओं के कार्यान्वयन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करता है। 31 दिसंबर, 2022 तक कुल 17.27 लाख लाभार्थियों ने डायलिसिस सेवाओं का लाभ उठाया है।

(ख) और (ग): 31 दिसंबर, 2022 की स्थिति के अनुसार, इस कार्यक्रम को सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 641 जिलों में 1350 डायलिसिस केंद्रों पर 8871 हीमोडायलिसिस मशीनें लगाकर कार्यान्वित किया गया है। भारत सरकार ने पीएमएनडीपी की कवरेज़ का देश के सभी जिलों में विस्तार करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उपयुक्त निदेश जारी किए हैं। पीएमएनडीपी के तहत, देश में 1350 डायलिसिस केंद्र स्थापित किए गए हैं। देश में स्थापित हीमोडायलिसिस केंद्रों का जिला-वार विवरण https://nhsrcindia.org/pradhan-mantri-national-dialysis-program#quickset-pradhan_mantri_national_dialysis_0 लिंक पर उपलब्ध है।

(घ): एक देश-एक डायलिसिस की अवधारणा के साथ, सुलभता और सुवाह्यता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 5 मई, 2022 से राष्ट्रीय पीएमएनडीपी पोर्टल शुरू किया गया है और यह राज्यों में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) पहचान संख्या (आईडी) का प्रयोग करके डायलिसिस रोगियों के पंजीकरण के लिए प्रचालनरत है।

******